**Q.1) निम्नलिखित कथनों पर विचार करें**

1. यदि राष्ट्रपति का कार्यालय मृत्यु के कारण रिक्त हो जाता है, तो नव निर्वाचित राष्ट्रपति पूरे पांच वर्ष के लिए पद पर बने रहेंगे।
2. जब कोई भी व्यक्ति राष्ट्रपति के रूप में कार्य कर रहा होता है, तो वह राष्ट्रपति को प्राप्त सभी शक्तियों और प्रतिरक्षाओं का आनंद लेता है।

**ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा सही नहीं है / हैं?**

a) केवल 1
b) केवल 2
c) 1 और 2 दोनों
d) न तो 1 और न ही 2

## Q.1) Solution (d)

यदि राष्ट्रपति का पद इस्तीफा, मृत्यु, या हटाए जाने से रिक्त हो जाता है, तो नव निर्वाचित राष्ट्रपति पूरे पांच वर्ष तक पद पर बने रहते हैं।

**इसलिए कथन 1 सही है।**

जब कोई भी व्यक्ति, अर्थात, उप-राष्ट्रपति, भारत के मुख्य न्यायाधीश, या सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ठतम न्यायाधीश राष्ट्रपति के रूप में कार्य कर रहे हों या राष्ट्रपति के कार्यों का निर्वहन कर रहे हों, तो वे राष्ट्रपति को प्राप्त सभी शक्तियों और प्रतिरक्षाओं का आनंद लेते हैं तथा ऐसे भत्ते, परिलब्धियों और विशेषाधिकार हकदार होते हैं जैसे कि संसद द्वारा निर्धारित किए गए हों।

**इसलिए कथन 2 सही है।**

**Q.2) निम्नलिखित कथनों पर विचार करें**

1. अध्यक्ष और उपाध्यक्ष दोनों के कार्यालय रिक्त होने पर राष्ट्रपति इनकी कार्यवाही की अध्यक्षता करने के लिए लोकसभा के किसी भी सदस्य को नियुक्त कर सकते हैं।
2. सभापति और उप-सभापति दोनों के पद रिक्त होने पर, उप-राष्ट्रपति राज्यसभा के किसी भी सदस्य को इनकी कार्यवाही की अध्यक्षता करने के लिए नियुक्त कर सकते हैं।

**ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा सही है / हैं?**

a) केवल 1
b) केवल 2
c) 1 और 2 दोनों
d) न तो 1 और न ही 2

## Q.2) Solution (a)

अध्यक्ष और उपाध्यक्ष दोनों के कार्यालय रिक्त होने पर राष्ट्रपति इनकी कार्यवाही की अध्यक्षता करने के लिए लोकसभा के किसी भी सदस्य को नियुक्त कर सकते हैं।

**इसलिए कथन 1 सही है।**

सभापति और उपसभापति दोनों के पद रिक्त होने पर राष्ट्रपति इनकी कार्यवाही की अध्यक्षता करने के लिए राज्य सभा के किसी भी सदस्य को नियुक्त कर सकते हैं।

**इसलिए कथन 2 गलत है।**

**Q.3) निम्नलिखित कथनों पर विचार करें**

1. जब राज्य विधानमंडल द्वारा पारित एक विधेयक राष्ट्रपति के विचार के लिए आरक्षित होता है, तो वह पुनर्विचार के लिए विधेयक वापस नहीं कर सकता है।
2. पूर्ण/ निरपेक्ष वीटो (Absolute Veto) का इस्तेमाल कभी भी किसी भारतीय राष्ट्रपति द्वारा नहीं किया गया है।

**ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा सही है / हैं?**

a) केवल 1
b) केवल 2
c) 1 और 2 दोनों
d) न तो 1 और न ही 2

### Q.3) Solution (d)

जब राज्य विधानमंडल द्वारा पारित एक विधेयक राष्ट्रपति के विचार के लिए आरक्षित होता है, तो वह पुनर्विचार के लिए विधेयक को वापस कर सकता है। (धन विधेयक को छोड़कर)

**इसलिए कथन 1 गलत है।**

पूर्ण/ निरपेक्ष वीटो का प्रयोग भारतीय राष्ट्रपतियों द्वारा किया गया है। 1954 में, राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने PEPSU विनियोग विधेयक पर अपनी सहमति रोक ली थी। PEPSU राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू होने पर विधेयक संसद द्वारा पारित किया गया था। लेकिन, जब राष्ट्रपति को उनकी सहमति के लिए विधेयक प्रस्तुत किया गया, तो राष्ट्रपति शासन को निरस्त कर दिया गया।

**इसलिए कथन 2 गलत है।**

**Q.4) निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

1. संसद के केवल एक सदन के सत्र में होने पर अध्यादेश जारी किया जा सकता है।
2. भारत में राष्ट्रपति की अध्यादेश-प्रवर्तन शक्ति संयुक्त राज्य अमेरिका के संविधान से ली गई है।

**ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा सही नहीं है / हैं?**

a) केवल 1
b) केवल 2
c) 1 और 2 दोनों
d) न तो 1 और न ही 2

### Q.4) Solution (b)

अध्यादेश तब भी जारी किया जा सकता है जब केवल एक सदन सत्र में हो क्योंकि एक कानून दोनों सदनों द्वारा पारित किया जाता है तथा केवल एक सदन द्वारा नहीं।

**इसलिए कथन 1 सही है।**

भारत में राष्ट्रपति की अध्यादेश-प्रवर्तन शक्ति असामान्य है तथा संयुक्त राज्य अमेरिका और ब्रिटेन सहित विश्व के अधिकांश लोकतांत्रिक संविधान में नहीं पाई जाती है।

**इसलिए कथन 2 गलत है।**

**Q.5) निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

1. उपराष्ट्रपति के चुनाव के लिए निर्वाचक मंडल में संसद के निर्वाचित और नामित सदस्य होते हैं।
2. उपराष्ट्रपति को हटाने का प्रस्ताव दोनों सदनों में विशेष बहुमत से पारित किया जाना चाहिए।

**ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा सही है / हैं?**

a) केवल 1
b) केवल 2
c) 1 और 2 दोनों

d) न तो 1 और न ही 2

**Q.5) Solution (a)**

उपराष्ट्रपति के चुनाव के लिए निर्वाचक मंडल में संसद के निर्वाचित और नामित सदस्य होते हैं। इसमें राज्य विधानसभाओं के सदस्य शामिल नहीं होते हैं।

**इसलिए कथन 1 सही है।**

उन्हें राज्यसभा के सभी तत्कालीन सदस्यों के बहुमत से पारित एक प्रस्ताव द्वारा हटाया जा सकता है तथा लोकसभा द्वारा सहमति व्यक्त की जाती है। इसका अर्थ यह है कि इस प्रस्ताव को राज्यसभा में एक प्रभावी बहुमत (effective majority) से और लोकसभा में एक साधारण बहुमत से पारित किया जाना चाहिए।

**इसलिए कथन 2 गलत है।**

**Q.6) निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

1. संविधान में प्रधानमंत्री के चयन और नियुक्ति की कोई प्रक्रिया नहीं है
2. एक व्यक्ति जो संसद के किसी भी सदन का सदस्य नहीं है, उसे प्रधानमंत्री के रूप में नियुक्त नहीं किया जा सकता है।

**ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा सही नहीं है / हैं?**

a) केवल 1
b) केवल 2
c) 1 और 2 दोनों
d) न तो 1 और न ही 2

**Q.6) Solution (b)**

संविधान में प्रधान मंत्री के चयन और नियुक्ति के लिए कोई विशिष्ट प्रक्रिया नहीं है।

**इसलिए कथन 1 सही है।**

1997 में, सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि जो व्यक्ति संसद के किसी भी सदन का सदस्य नहीं है, उसे छह महीने के लिए प्रधानमंत्री के रूप में नियुक्त किया जा सकता है, जिसके भीतर उसे संसद के किसी भी सदन का सदस्य बनना अनिवार्य होगा; अन्यथा, वह प्रधान मंत्री पद खो देगा।

**इसलिए कथन 2 गलत है।**

**Q.7) प्रधानमंत्री की शक्तियों के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

1. प्रधानमंत्री राय के अंतर के मामले में एक मंत्री को इस्तीफा देने या राष्ट्रपति को उसे बर्खास्त करने की सलाह दे सकते हैं।
2. एक पदधारी प्रधानमंत्री का इस्तीफा या मृत्यु छह महीने के भीतर मंत्रियों की परिषद को भंग कर देती है।

**ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा सही है / हैं?**

a) केवल 1
b) केवल 2
c) 1 और 2 दोनों
d) न तो 1 और न ही 2

**Q.7) Solution (a)**

प्रधानमंत्री राय के अंतर के मामले में एक मंत्री को इस्तीफा देने या राष्ट्रपति को उसे बर्खास्त करने की सलाह दे सकते हैं।

**इसलिए कथन 1 सही है।**

एक प्रधान मंत्री का इस्तीफा या मृत्यु स्वचालित रूप से तत्काल मंत्रियों की परिषद को भंग कर देती है तथा इस तरह एक शून्य उत्पन्न करती है।

**इसलिए कथन 2 गलत है**

**Q.8) भारत के महान्यायवादी (देश के सर्वोच्च कानून अधिकारी) के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

1. महान्यायवादी का कार्यालय संविधान द्वारा नहीं बनाया गया है।
2. उनके पद का कार्यकाल संविधान द्वारा निर्धारित नहीं है।
3. संविधान में उसके निष्कासन की प्रक्रिया और आधार शामिल नहीं हैं।

**ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा सही नहीं है / हैं?**

a) केवल 1
b) केवल 3
c) केवल 1 और 3
d) केवल 1 और 2

## Q.8) Solution (a)

संविधान (अनुच्छेद 76) ने भारत के लिए महान्यायवादी के कार्यालय के लिए प्रावधान प्रदान किया है। वह देश का सर्वोच्च कानून अधिकारी होता है।

**इसलिए कथन 1 गलत है।**

महान्यायवादी के कार्यालय का कार्यकाल संविधान द्वारा निर्धारित नहीं है।

**इसलिए कथन 2 सही है।**

संविधान में उसके निष्कासन की प्रक्रिया और आधार शामिल नहीं हैं। वह राष्ट्रपति के प्रसादपर्यंत पद धारण करता है।

**इसलिए कथन 3 सही है।**

**Q.9) निम्नलिखित में से कौन संसदीय विशेषाधिकार के हकदार हैं?**

1. महान्यायवादी
2. नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक
3. केंद्रीय मंत्री
4. राष्ट्रपति
5. राज्य के महाधिवक्ता

**नीचे दिए गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनें:**

a) 1, 2 और 4
b) 1, 3, 4 और 5
c) केवल 3 और 4
d) केवल 1, 3 और 5

## Q.9) Solution (d)

- संसदीय विशेषाधिकार संसद के दोनों सदनों, उनकी समितियों और उनके सदस्यों द्वारा प्राप्त विशेष अधिकार, प्रतिरक्षा और छूट हैं। संविधान ने राज्य विधायिका को भी विशेषाधिकार प्रदान किए हैं।
- इनमें महान्यायवादी, राज्य के महाधिवक्ता, केंद्रीय मंत्री और राज्य मंत्री शामिल हैं।

**Q.10) निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

1. अनुच्छेद 74 में कहा गया है कि मंत्रियों की परिषद सामूहिक रूप से लोकसभा के प्रति उत्तरदायी है।
2. मंत्रिपरिषद की सहायता और सलाह के बिना राष्ट्रपति द्वारा कार्यकारी शक्ति का कोई भी अभ्यास असंवैधानिक माना जाता है

**ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा सही नहीं है / हैं?**

a) केवल 1
b) केवल 2
c) 1 और 2 दोनों
d) न तो 1 और न ही 2

## Q.10) Solution (a)

अनुच्छेद 75 में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि मंत्रियों की परिषद सामूहिक रूप से लोकसभा के प्रति उत्तरदायी है। इसका अर्थ यह है कि सभी मंत्री लोकसभा के प्रति संयुक्त उत्तरदायित्व के अधीन हैं।

**इसलिए कथन 1 गलत है।**

राष्ट्रपति मंत्रिपरिषद की सहायता और सलाह के बिना कार्यकारी शक्ति का प्रयोग नहीं कर सकते। बिना सहायता और सलाह के कार्यकारी शक्ति का कोई भी अभ्यास अनुच्छेद 74 के उल्लंघन के आधार पर असंवैधानिक होगा।

**इसलिए कथन 2 सही है।**

**Q.1) 'जेट जीरो' (Jet Zero) योजना के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है / हैं?**

1. इसका उद्देश्य विमानन क्षेत्र से ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कमी लाना है।
2. इसे हाल ही में नागर विमानन महानिदेशक (DGCA) द्वारा लॉन्च किया गया था।

**सही कथनों का चयन करें**

a) केवल 1
b) केवल 2
c) 1 और 2 दोनों
d) न तो 1 और न ही 2

## Q.1) Solution (a)

ब्रिटेन ने विमानन उत्सर्जन को कम करने के लिए 'जेट जीरो' योजना की घोषणा की है

विमानन उत्सर्जन वर्तमान में वैश्विक ग्रीनहाउस गैसों के 2% से अधिक के लिए उत्तरदायी है, तथा 2005 के बाद से 70% तक बढ़ गया है। अंतर्राष्ट्रीय नागरिक विमानन संगठन का अनुमान है कि वे उन्हें नीचे लाने के उपायों के अभाव में 2050 तक 300% तक की वृद्धि करेंगे।

यू.के. का उद्देश्य है कि एक पीढ़ी के भीतर कार्बन-मुक्त अटलांटिक पार उड़ानों को संभव बनाने के लिए विमानन से ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करना है।

**Source: https://indianexpress.com/article/business/aviation/uk-announces-jet-zero-plan-to-drive-down-aviation-emissions-6457061/**

**Q.2) 'iCommit पहल' (iCommit Initiative) के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार करें।**

1. यह पहल एक ऊर्जा लचीले भविष्य के निर्माण के विचार के आसपास केंद्रित है।
2. यह पहल नीति आयोग द्वारा संचालित है।

**सही कूट का चयन करें:**

a) केवल 1
b) केवल 2
c) 1 और 2 दोनों
d) न तो 1 और न ही 2

**Q.2) Solution (a)**

यह पहल भविष्य में एक मजबूत और लचीली ऊर्जा प्रणाली बनाने के लिए सभी हितधारकों और व्यक्तियों को ऊर्जा दक्षता, नवीकरणीय ऊर्जा और स्थिरता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए एक स्पष्ट आह्वान है।

एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड द्वारा संचालित '#iCommit' पहल, सरकारों, कॉरपोरेट्स, बहुपक्षीय और द्विपक्षीय संगठनों, थिंक टैंक और व्यक्तियों जैसे अभिकर्ताओं के विविध सेट को एकजुट कर रही है।

**Source: http://ddnews.gov.in/national/power-minister-launches-%E2%80%98icommit%E2%80%99-initiative-world-environment-day**

**Q.3) 'दूरी पर एक कार्रवाई' (action at a distance) को सबसे उपयुक्त रूप में संदर्भित किया जा सकता है?**

a) क्वाण्टम उलझाव (Quantum Entanglement)
b) मशीन लर्निंग
c) इंटरनेट ऑफ़ थिंग्स (Internet of Things)
d) कृत्रिम बुद्धिमत्ता

**Q.3) Solution (a)**

उलझाव (Entanglement), एक क्वांटम घटना, अल्बर्ट आइंस्टीन ने प्रसिद्ध रूप से "दूरी पर त्वरित कार्रवाई" (spooky action at a distance) के रूप में वर्णित किया, यह एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें दो या दो से अधिक कण संबद्ध होते हैं और एक पर की गई कोई भी कार्रवाई दूसरों पर तुरंत प्रभाव डालती है चाहे वे कितने भी अलग क्यों न हों। Entanglement कई उभरती तकनीकों के केंद्र में है, जैसे क्वांटम कंप्यूटिंग और क्रिप्टोग्राफी।

**Source: https://www.financialexpress.com/defence/war-of-future-drdo-gets-ready-with-new-labs-to-work-on-new-emerging-technologies/1813014/**

**Q.4) निम्नलिखित कथनों पर विचार करें और सही उत्तर की पहचान करें**

1. इसे बैंगलोर ब्लू (Bangalore Blue) के नाम से जाना जाता है।
2. इसे 2013 में एक भौगोलिक संकेतक टैग मिला।

**उपरोक्त कथन किससे संदर्भित है**

a) अंगूर की एक किस्म
b) एक विशेष प्रकार का मिट्टी का बर्तन
c) भित्ति चित्र
d) चुनावों के दौरान प्रयोग की जाने वाली एक विशेष डाई / स्याही

**Q.4) Solution (a)**

बैंगलोर ब्लू अंगूर, जिसे सामान्यतः बैंगलोर ब्लू भी कहा जाता है, एक किस्म का अंगूर (Vitis labrusca) है जो बैंगलोर के आसपास के जिलों में उगाया जाता है। यह कर्नाटक राज्य में अंगूर की तीन प्रमुख किस्मों में से एक है (अन्य दो थॉमसन बीज रहित और अनाब-ए-शाही दिलकुश हैं)। इसे 2013 में भारत सरकार से एक भौगोलिक संकेतक टैग मिला था।

**Source: https://www.thehindu.com/news/national/karnataka/bangalore-blue-grapes-turn-sour-for-their-growers/article31376513.ece**

**Q.5) 'गंधज्ञानाभाव और अस्वादता' (Anosmia and Ageusia) किसके संभावित लक्षण हैं**

a) कोविड-19
b) तपेदिक
c) हैज़ा
d) एचआईवी-एड्स

**Q.5) Solution (a)**

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा कोरोनोवायरस लक्षणों की सूची में गंध जानने की शक्ति की हानि (anosmia) और स्वाद की हानि (ageusia) को जोड़ा गया है।

**Source: https://www.hindustantimes.com/india-news/loss-of-smell-taste-are-now-key-symptoms-to-identify-covid-19-patients-health-ministry/story-8Mo5vphGzqKbx5XeSkNHaP.html**